दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 100 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, बृहस्पतिवार, 08 जून 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.



राज्य के विकास के लिये आगामी 10 सालों का किया जा ...
जिलाधिकारी ने सुनी ग्राम कुलेख एवं औलतडी में ...

# मणिपुर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया: सिंह

**इंफाल (वार्ता)।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान काकचिंग जिले के पोरोमपत थाना, इंफाल पूर्व और सुगनू थाना क्षेत्र से 57 हथियार, 318 गोला-बारूद और पांच बम बरामद किए गए। अब तक कुल 868 हथियार और 11,518 गोला-बारूद बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि घाटी के पांच जिलों में कर्फ्यू में 12 घंटे और पड़ोसी पहाड़ी जिलों में आठ से 10 घंटे की ढील दी गयी। छह अन्य पहाड़ी जिलों में कर्फ्यू नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-37 के साथ आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। लगभग 244 खाली वाहन इम्फाल से जिरिबाम के लिए रवाना हुए हैं। कुल 212 लोडेड वाहन नोनी से रवाना हो चुके हैं और 212 लोडेड टैंकरों तथा ट्रक जिरिबाम से रवाना हो चुके हैं। मंत्री और विधायक विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर जनता और नागरिक समाज से मिल कर शांति और स्थिति को सामान्य करने की अपील कर रहे हैं। सुरक्षा बल



नागरिक समाज संगठनों, सीएसओ, विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठकें आयोजित कर रहे हैं और शांति और सामान्य स्थिति की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में प्रभुत्व और गश्त के अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

इस बीच मुख्य सचिव डॉ. विनीत जोशी ने कहा कि मणिपुर में सेना के अधिकारियों से घाटी के पांच जिलों और कांगपोकपी में तलाशी अभियान चलाने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की आवश्यकता के संबंध में प्राप्त अनुरोध के आधार पर, गृह विभाग ने उपायुक्तों को कार्यकारी मजिस्ट्रेटों को नियुक्त करने की सलाह दी है। इन छह जिलों में पड़ने वाले कई थानों से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा हटा लिया गया है। सेना ने केवल इन जिलों के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेटों के लिए अनुरोध किया क्योंकि अन्य जिलों में जहां अफस्पा लागू है, वहां तलाशी अभियान चलाने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट की आवश्यकता नहीं है।

## हिंसा में गोली लगने के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल जा रहे थे; 2000 लोगों ने वैन फूंकी

मणिपुर की राजधानी इंफाल में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। इस बीच भीड़ ने मां-बेटे समेत दो महिलाओं को जिंदा जला दिया है। तीनों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में करीब 2000 लोगों की भीड़ ने उन पर हमला कर दिया और गाड़ी में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, बाद में राख से सिर्फ हड्डियां मिलीं। घटना रविवार की है, इसकी पूरी डिटेल दो दिन बाद सामने आई। मृतकों की पहचान 7 साल के टॉन्सिंग हैंगिंग, उनकी मां मीना हैंगिंग और उनकी रिश्तेदार लिडिया लौरेम्बम के रूप में की गई है। इंफाल में मंगलवार रात को हजारों की संख्या में मैतेई समाज की महिलाओं ने मशाल लेकर मार्च निकाला। इन्होंने मणिपुर अमर रहे का नारा भी लगाया।



## 2024 चुनाव के लिए बनेगा तीसरा मोर्चा! अखिलेश यादव ने दिया ये बड़ा संकेत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के गठन का संकेत दिया है. उन्होंने एक न्यूज चैनल से बातचीत में इस ओर इशारा किया. यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वे 2024 में लोकसभा चुनाव भी लड़ेंगे. सपा अध्यक्ष ने थर्ड फ्रंट की संभावना पर कहा, थर्ड फ्रंट बोलें या विकल्प बोलें. मुझे लगता है विपक्ष मिलकर इस बारे में कुछ ना कुछ जरूर सोचेगा। अखिलेश यादव चुनाव की तैयारियों में भी जुट गए हैं. वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं. उन्होंने बीते दिनों लखीमपुर खीरी में पार्टी कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया था. इस दौरान सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने निकले यादव ने यहां पूर्व विधायक आर ए उस्मानी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और सरकार 'टिफिन पर चर्चा' करा रही है।

## लखनऊ में अदालत परिसर में कुख्यात अपराधी संजीव जीवा की हत्या

**लखनऊ (वार्ता)।** राजधानी लखनऊ की जिला अदालत परिसर में बुधवार को एक दुस्साहिक वारदात में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खूंखार अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना पर गंभीर रूख अपनाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का फैसला किया है। तीन सदस्यीय एसआईटी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (तकनीकी) मोहित अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था), लखनऊ नीलाब्जा चौधरी और आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार शामिल हैं। जांच दल को एक सप्ताह के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है।विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि जिला अदालत के अंदर फायरिंग हुई जिसमें एक अपराधी संजीव जीवा घायल हो गया। गोलीबारी में कमलेश और लाल मोहम्मद समेत दो हेड कांस्टेबल घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना में ससुर की जमानत पर आई नीलम नाम की महिला व उसकी डेढ़ साल की बेटी लक्ष्मी भी घायल हो गयी।

## राहुल समेत विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं की 23 जून को पटना में होगी बैठक

**पटना (वार्ता)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सहमति मिलने के बाद विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं की बैठक 23 जून को पटना में आयोजित करने का ऐलान आज कर दिया गया।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बुधवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने



के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों को एकजुट करने के उद्देश्य से 12 जून को पटना की प्रस्तावित बैठक, जिसे पहले स्थगित कर दिया गया था, अब 23 जून को पटना में ही होगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुनर्निर्धारित बैठक में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दे दी है। यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने और 2024 के लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक पार्टी को हराने के लिए विपक्ष की लड़ाई भाजपा से है। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए देश भर में विपक्षी दलों को एकजुट करने का गंभीर प्रयास शुरू किया है । उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार ने लोकतंत्र और सभी संवैधानिक संस्थाओं को रौंद दिया है ।

## केजरीवाल को मिला सेवाओं के नियंत्रण संबंधी अध्यादेश के खिलाफ अखिलेश यादव का साथ

**लखनऊ, (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण संबंधी केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ उनका समर्थन मांगा जिस पर अखिलेश ने कहा, मेरी पार्टी आपके साथ है। अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, यदि राज्यसभा में यह अध्यादेश गिर जाता है तो इससे 2024 के चुनाव से पूर्व एक बड़ा संदेश जाएगा। अखिलेश के साथ बैठक के बाद केजरीवाल ने कहा, यदि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) विरोधी सभी पार्टियां एकजुट हो जाती हैं और राज्यसभा में, जहां



भाजपा बहुमत में नहीं हैं, इस अध्यादेश को हरा देती हैं तो इससे देश को एक बड़ा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में भाजपा के पास केवल 93 सीटें हैं, यदि भाजपा विरोधी सभी पार्टियां एकजुट होती हैं और इस अध्यादेश को हरा दिया जाता है तो यह 2024 का सेमीफाइनल होगा। केजरीवाल ने कहा कि हमने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ चर्चा की और हम उनका धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हमें आश्वस्त किया है कि वे राज्यसभा में हमारा समर्थन करेंगे। सपा प्रमुख ने आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने का आश्वासन दिया और इस अध्यादेश को लोकतंत्र विरोधी करार दिया। यादव ने कहा, मेरी पार्टी आपके साथ है।

**उत्तराखंड प्रहरी**

विज्ञापन बुक कराएं

- वैवाहिक
- संपत्ति
- रोजगार
- व्यावसायिक
- श्रद्धांजलि
- बर्थ-डे पार्टी के लिए संपर्क करें।
- स्मरण
- शिक्षा

नोट: संबंधित खबरें भी प्रकाशित होंगी।

संपादक: सुमित तिवारी
uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# राज्य के विकास के लिये आगामी 10 सालों का किया जा रहा है रोड मैप तैयार

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सुभाष रोड स्थित होटल में एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित उन्नत उत्तराखण्ड महा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर राज्य से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के समग्र विकास की दिशा में की जा रही पहल एवं इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। इसके लिये राज्य के विकास के लिये आगामी 10 सालों का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। बोधिसत्व विचार श्रृंखला के माध्यम से विषय विशेषज्ञों के सुझावों पर योजनायें तैयार की जा रही हैं। साथ ही जन कल्याण से जुडी योजनाओं के निर्णयों को तत्परता से लागू करने के लिये धरातल पर प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य की जीएसडीपी 25 प्रतिशत बढ़ी है। राज्य का राजस्व दुगना बढ़े इस दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत कार्य प्रगति पर हैं। प्रधानमंत्री जी ने गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास किया है। इससे आने वाले समय में यात्रा सुगम होगी। ऋषिकेश को सांस्कृति एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने विकास के नवरत्न के तहत संचालित योजनाओं के कार्य उत्तराखंड के लिए आने वाले दिनों में विकास की दृष्टि से अहम साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जनता से जो वायदे किये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली ही कैबिनेट में समान नागरिक संहिता के लिए ड्राफ्ट बनाने के लिए कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया, जिस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिसका ड्राफ्ट 30 जून तक तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता कमेटी द्वारा सभी विधि विशेषज्ञों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से बात कर रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसका अध्ययन किया जायेगा एवं शीघ्र लागू किये जाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उत्तराखण्ड देश में इस कानून को लागू करने वाला पहला प्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रहने वाले सभी जाति, सभी पंथ, सभी मजहबों के लिये एक समान कानून उत्तराखण्ड में लागू होगा।


उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं के व्यापक हित में नकल विरोधी कानून में 10 वर्ष की सजा तथा नकल माफिया की संपत्ति को जब्त करने का प्रावधान किया गया है, नकल में सम्मिलित कई लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को जड़ से खत्म करने के लिए हमने भारतवर्ष का सबसे सख्त कानून बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून आने पर अब अभ्यर्थियों का चयन उनके योग्यता, प्रतिभा एवं क्षमता के आधार पर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मेधावी व प्रतिभाशाली छात्रों को आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई में कठिनाई न हो इसके लिये मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना आरंभ की है। यह योजना माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों के लिये स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अच्छा कार्य व्यवहार, अच्छी कार्य संस्कृति, सुशासन, सेवा, संकल्प और गुड गवर्नेंस का कार्य अगर किसी ने किया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

## उत्तराखंड के पुरोला में सांप्रदायिक तनाव के बीच बढ़ाई गई सुरक्षा

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के पुरोला में सांप्रदायिक तनाव बने रहने के कारण बुधवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। शहर में कुछ दिन पहले एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने की कथित कोशिश की गई थी। कथित रूप से एक मुस्लिम समेत दो व्यक्तियों द्वारा 26 मई को एक हिंदू लड़की को अगवा करने की कोशिश को स्थानीय लोगों ने विफल कर दिया था। उसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की दुकानों के शटर पर पोस्टर चिपके नजर आए जिनमें उन्हें तत्काल शहर से चले जाने की धमकी दी गई थी। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि स्थिति को और बिगडने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर प्रोविंसियल आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) की एक टुकड़ी तैनात की गई है। अपहरण की कोशिश की घटना के करीब दो सप्ताह बाद भी शहर में तनाव कम नहीं हुआ है। मुसलमानों की करीब 40 दुकानें अब भी बंद हैं। रविवार शाम को चिपकाए गए पोस्टर में दुकानदारों से 15 जून की महापंचायत से पहले पुरोला छोड़ देने, अन्यथा दुष्परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। देवभूमि रक्षा अभियान ने यह महापंचायत बुलाई है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पोस्टर हटा दिए हैं और वह उन लोगों की पहचन करने की कोशिश कर रही है जिन्होंने अशांति पैदा करने के लिए पोस्टर लगाए।

## महापौर अनिता शर्मा ने 7 पार्षदों दिया को अनुशासनहीनता का नोटिस, जवाब न देने पर होगा मुकदमा दर्ज



उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो


**हरिद्वार।** महापौर नगर निगम अनिता शर्मा ने निगम के 7 पार्षदों मोनिका सैनी, सपना शर्मा, निशा नौडियाल, लोकेश पाल, अनुज सिंह, अनिरूद्ध भाटी और सुनील अग्रवाल को अनुशासनहीनता का नोटिस दिया है। दिए गए नोटिस में महापौर ने अवगत कराया है की दिनांक 3 जून को टाउनहाल में आहूत नगर निगम हरिद्वार के बजट अधिवेशन में आप सदन की कार्यवाही के दौरान बिना अधोहस्ताक्षरी को सूचित किये हुये सदन से उठकर बाहर चले गये तथा थोड़ी देर के पश्चात्सदन में उपस्थित होकर आप पार्षदों द्वारा कहा गया कि आपके पति अशोक शर्मा सदन के बाहर अर्द्धनग्न होकर अश्लीलता कर रहे हैं, जिस कारण आप महिला पार्षद आपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहें है और हमें गनर सुरक्षा उपलब्ध करायी जाने के लिए कहा गया। उक्तानुसार आप द्वारा अमर्यादित आचरण करते हुए सदन में अपशब्दों का प्रयोग किया गया। समाचार पत्रों में भी आपके अमर्यादित आचरण पर टिप्पणी करते हुए लिखा गया कि सदन में पहली बार ऐसी शब्दावली का प्रयोग किया गया, जो लिखने योग्य नही है। आपके अमर्यादित आचरण के कारण सदन की गरीमा भी गिरी है और बजट अधिवेशन स्थगित करना पड़ा है, जिसका सीधा असर जनहित एवं विकास के कार्यों पर पडेगा। अतः उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिवस के अन्दर साक्ष्य व प्रमाण, प्रस्तुत करें कि मेरे पति अर्द्धनग्न अवस्था में सदन के बाहर बैठे हुए थे अथवा उनके द्वारा अभद्र अश्लील आचरण किया गया हो अथवा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया हो, अन्यथा यह मानते हुए कि आप द्वारा जानबूझकर निगम में अव्यवस्था उत्पन्न करने एवं मुझे व मेरे पति को बदनाम करने के उद्देश्य से सदन में हंगामा एवं अमर्यादित आचरण किया गया तथा सदन की कार्यवाही के दौरान आप द्वारा बिना अधोहस्ताक्षरी की अनुमति के सदन से बाहर होने का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे, यदि आपके द्वारा 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने के कारण आपके विरूद्ध मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने के साथ-साथ आपकी सदस्यता निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

## सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में वो खतरनाक स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं, भाई बहन ने माफी मांगी

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**देहरादून।** युवा पीढ़ी ट्रेंड में बने रहने के लिए अपनी जान की परवाह तक नहीं कर रहे हैं। ट्रेंड में बने रहने और सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में वो खतरनाक स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ ऐसा ही बीते दिनों देहरादून की सड़कों पर देखने को मिला, जहां एक लड़की चलती बाइक पर डांस करती नजर आई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और चालान कर सख्त हिदायत दी। यातायात पुलिस ने रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत सोडा सरोली-थानो रोड पर चलती बाइक पर लड़की के डांस करने पर चालान की कार्रवाई की है। साथ ही लड़की और उसके भाई जिसके द्वारा वीडियो बनाई गई, दोनों को यातायात पुलिस ने कार्यालय बुलाकर काउंसलिंग कराई। जिसके बाद दोनों भाई बहन ने माफी मांगी। यातायात पुलिस शहर में स्टंट बाजी और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं बीते दिन रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत सोडा सरोली-थानो रोड पर बाइक चलाते समय लड़की के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। पुलिस ने उतारा 'भौकाल लड़की बाइक पर सॉन्ग पर डांस करते हुए खतरनाक स्टंट करती दिख रही है और उसका भाई वीडियो को शूट कर रहा था। जबकि छोटी सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेकर पड़ताल तेज कर दी थी। एसपी ट्रैफिक द्वारा यातायात पुलिस की सोशल मीडिया सेल को कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया था। जिसके बाद यातायात पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा वाहन के स्वामी का नाम और पते की जानकारी जुटाई गई। जानकारी होने पर पुलिस ने सम्बन्धित वाहन स्वामी को चालान का एसएमएस भेजा। एसएमएस मिलने के बाद वाहन स्वामी मोहित कुमार, निवासी पोस्ट खुर्जा जक्शन बुलंदशहर और वाहन चला रही लड़की को काउंसलिंग के लिए यातायात कार्यालय बुलाया गया। जिसमें वाहन स्वामी द्वारा कानून का उल्लंघन करने पर यातायात पुलिस से माफी मांगी गयी और इस प्रकार की पुनरावृत्ति न किए जाने की अपील की गई। एसपी ट्रैफिक अक्षय कोड़े ने बताया कि यातायात पुलिस पिछले साल से ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और दोपहिया वाहन चालकों से लगातार अपील कर रही है कि अपने जीवन को इस प्रकार के वीडियो और रील्स बनाये जाने के चक्कर में जोखिम में ना डाले। इसके बाद भी कई युवा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं, जिन पर पुलिस सख्त एक्शन ले रही है।



## गाड़ियों से स्टंट कर हुडदंग करना पड़ा महंगा, पुलिस ने मिशन मर्यादा के अंतर्गत दोनों गाडियां की सीज

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार।** मंगलवार की देर चंडी पुल के नीचे उत्तर प्रदेश मथुरा से आए युवकों द्वारा अपने वाहनों में UP 85 BW 0024 स्कॉर्पियो और HR 50 H 7072 फोर्ड एंडेवर से स्टंट कर कलाबाजी दिखाई जा रही थी जिसका पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एसआई अंशुल अग्रवाल चौकी प्रभारी चंडीघाट, कांस्टेबल अनिल रावत, कुशपाल नेगी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनो वाहनों को सीज किया गया साथ ही दोनो चालकों को फटकार लगाते हुए आगे से ऐसी हरकत ना करने की नसीहत दी।

# जिलाधिकारी ने सुनी ग्राम कुलेख एवं औलतडी में निवासरत वनराजि जनजाति के लोगों की समस्याएं

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद के विकासखण्ड कनालीछीना के ग्राम कुलेख पहुंचकर ग्राम कुलेख एवं औलतडी में निवासरत वनराजि जनजाति के लोगों की समस्याएं सुनी। नराजि जनजाति के लोगों ने ग्राम कुलेख व औलतड़ी में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति न होने, कुछ परिवारों ने शौचालय न होने, कुछ परिवारों ने पक्के आवास न होने, भागीचौरा से औलतड़ी तक साढ़े नौ किमी सड़क मार्ग का डामरीकरण न होने सम्बन्धी समस्याएं जिलाधिकारी को बतायी।

जिस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी कनालीछीना को शौचालय एवं पक्के आवास विहीन परिवारों को शौचालय एवं पक्का आवास बनाये जाने सम्बन्धी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को ग्राम कुलेख एवं औलतड़ी के प्रत्येक वनराजि परिवार हेतु सोलर लाइट का प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी को वनराजि परिवार की महिलाओं को सिलाई, बुनाई कढ़ाई, मुर्गी पालन संबंधी व्यवसाय का प्रशिक्षण दिलाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को क्षेत्र में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं से भी क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। भागीचौरा से औलतड़ी तक सड़क डामरी के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क मार्ग के डामरीकरण हेतु स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने वनराजि परिवार की महिलाओं एवं पुरुषों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने, खुले में शौच न जाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला विनीता देवी को चिकित्सक की सलाह पर नियमित रूप से दवा सेवन व आवश्यक जांच करवाने सहित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने वनराजि परिवारों को बाल विवाह जैसी कुरीति से भी दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने ग्राम कुलेख स्थित वनराजि परिवारों के आवासीय भवनों का निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं के अंतर्गत हुए निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, खंड विकास अधिकारी कनालीछीना जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित थे।



# एसएसपी हरिद्वार द्वारा ट्रैफिक महिला पुलिस कर्मी को किया गया सम्मानित

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार की लेडी सिंघम के नाम से मशहूर हुई महिला पुलिसकर्मी शार्मिला बिष्ट को बुधवार को एसएसपी अजय सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप सम्मानित किया। बीते सोमवार को महिला पुलिसकर्मी शार्मिला बिष्ट ने जाम के दौरान अपने आप को दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल होने का रौब दिखाने वाले पुलिसकर्मी का चालान काटा था। जिसके बाद महिला पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद जनता ने महिला पुलिसकर्मी को लेडी सिंघम का नाम दे डाला। महिला पुलिसकर्मी शार्मिला बिष्ट के मुताबिक सोमवार को ऋषिकुल-प्रेमनगर के बीच स्थित सतनाम साक्षी घाट पर एक गाड़ी नो पार्किंग में खड़ी थी। जाम लगे होने के कारण जब वह मौके पर पहुंची तो उस गाड़ी का चालान काटने लगी। इस दौरान गाड़ी में एक व्यक्ति बाहर आया और अपने आप को दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल बताते हुए चालान काटने का विरोध करने लगा, लेकिन महिला पुलिसकर्मी ने अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए चालान काट दिया। चालान काटने का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अजय सिंह ने बुधवार को महिला पुलिसकर्मी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया है। एसएसपी अजय सिंह ने महिला पुलिसकर्मी शार्मिला बिष्ट की ओर किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह से ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहना चाहिए।

# पुरोला में 'लव जिहाद' को लेकर तनाव बरकरार, प्लाटून पीएसी तैनात ; दुकानों पर लगा ताला



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में बीते दिनों लव जिहाद के मामले पर जारी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नाबालिग लड़की को भगाने की घटना के बाद से पुरोला में अभी माहौल सौहार्द और शांतिपूर्ण का नहीं हुआ है। मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें पिछले 15 दिनों से नहीं खुल पाई हैं। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। पुरोला में कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने आज बुधवार से एक प्लाटून पीएसी तैनात कर दी है। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए प्लाटून पीएसी तैनात कर दी गई है। पुरोला में गारमेंट्स, नाई, दर्जी, फल सब्जी, मोटर मैकेनिक सहित 40 से अधिक मुस्लिम व्यापारियों के प्रतिष्ठान हैं। लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद से ही यहां पर मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें बंद हैं। पिछले 15 दिनों से ये दुकानें नहीं खुली हैं और इसके साथ ही लगातार प्रदर्शन भी देखने को मिल रहे हैं। बीती 26 मई को पुरोला में नाबालिग छात्रा को भगाने के आरोप में एक हिंदू और एक मुस्लिम युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा। इस घटना के बाद से पुरोला में मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों ने मोर्चा खोला। तब से सभी मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों की दुकानें बंद हैं।

# निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर एक मजदूर की मौत

**हरिद्वार।** बुधवार की शाम जगजीतपुर पीठ बाजार में निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायल का प्राथमिक उपचार कराकर हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। जहां रास्ते में ही मजदूर में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक जगजीतपुर पीठ बाजार में निर्माणाधीन मकान की छत पर शिवपुरी कॉलोनी निवासी अरविंद पुत्र राजपाल सिंह मजदूरी का कार्य कर रहा था। इस दौरान अचानक वह छत से नीचे आ गिरा। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी। आनन-फानन में मकान स्वामी सुरेश बिटौलिया उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल लाया,



जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। उपचार के लिए ले जाते हुए रास्ते में मजदूर अरविंद ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। कनखल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि उक्त मामला उनके संज्ञान में नहीं है। बता दें कि पिछले लंबे समय से जिले के अधिकतर स्थानों पर अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं।

# सैनी महपंचायत संगठन समाज को बड़ा रहा आगे, समाज के गरीब, असहाय व मजलूम लोगों की कर रहा मदद

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**युवक मिलकर समाज के गरीब, असहाय, मजबूर लोगों की बिना भेदभाव के मदद भी कर रहें हैं।**

**सैनी समाज की 500 से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में कन्यादान और 72 गरीब परिवारों में भात देने का काम किया है।**

**हरिद्वार।** समाज में आज भी सामाजिक जिम्मेदारियों को उठाने वालों की कोई कमी नहीं है। सरकारें तो गरीब, असहाय लोगों के उत्थान के लिए अपनी योजनाएं चलाती ही हैं मगर कुछ उर्जावन, जोशीले युवक युवक मिलकर समाज के गरीब, असहाय, मजबूर लोगों की बिना भेदभाव के मदद भी कर रहें हैं। जनपद हरिद्वार में एक ऐसा ही संगठन बड़ी तेजी के साथ अपना काम कर रहा है जिसका नाम है सैनी महपंचायत संगठन। इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष है जतिन सैनी बॉक्सर, प्रदेश अध्यक्ष हैं अंकित सैनी प्रदेश महासचिव हैं सुमित सैनी, माजरी, जिलाध्यक्ष हैं आदेश सैनी और जिला महासचिव हैं संदीप सैनी और इस संगठन के लिए दिन रात काम कर रहे है नवीन सैनी, करोंदी, रवि सैनी (प्रदेश प्रभारी), रोहताश सैनी (प्रदेश उपाध्यक्ष), मुकुल सेनी (सोशल मीडिया यूथ), दीपक सैनी, प्रदेश महासचिव यूथ, निर्भय सैनी (जिला प्रभारी), आदेश सैनी (जिला अध्यक्ष ), संदीप सैनी (जिला संरक्षक), अरविन्द सैनी (जिला संरक्षक), कमल सैनी (जिला महासचिव), राजू सैनी, (जिला उपाध्यक्ष), प्रदीप सैनी (जिला सचिव), योगेन्द्र सैनी (कार्यालय प्रभारी), विकलप सैनी (जिला अध्यक्ष यूथ), दुष्यंत सैनी (जिला महासचिव यूथ), विशाल सैनी (जिला मीडिया प्रभारी यूथ), कपिल सैनी (ब्लॉक अध्यक्ष बहादराबाद), कन्हैया सैनी (ब्लॉक महासचिव), पारस सैनी (ब्लॉक उपाध्यक्ष), विश्वराज ( ग्राम अध्यक्ष), अंतरिक्ष सैनी (ग्राम अध्यक्ष), आर्य सैनी (ग्राम अध्यक्ष), निखिल सैनी (सदस्य ) कमल सैनी भोगपुर जिला महासचिव, कुलदीप सैनी कनखल जिला सचिव जैसे सैकड़ों कार्यकर्ता। संगठन के जिला अध्यक्ष आदेश सैनी ने बताया की पिछले लगभग 3 साल से संगठन द्वारा सैनी









समाज की 500 से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में कन्यादान और 72 गरीब परिवारों में भात देने का काम किया है। इतना ही नहीं गरीब परिवारों के 50 से अधिक बच्चों की शिक्षा हेतु स्कूल फीस, कॉपी किताबें देकर मदद की है। इसके साथ साथ लगभग अभी तक 250 गरीब परिवारों को राशन भी उपलब्ध कराया है और जिनके परिजन किसी दुर्घटना में घायल हो हुए थे और उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं थे तो ऐसे 50 लोगों की अभी तक आर्थिक सहायता भी की है। आदेश सैनी ने बताया की अभी 1 मई 2023 को उन्होंने कन्यादान महादान नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है जिसमें समाज के उन लोगों को जोड़ा जा रहा है जो इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने बताया की समाज में गरीब, असहाय व मजलूम लोगों मदद करने वालों की कोई कमी नहीं है बशर्ते उन्हें एक ईमानदार प्लेटफार्म मिल जाए।

# देवभूमि उत्तराखंड के शांत माहौल को भी 'सर तन से जुदा' जैसी धमकी देने का मामला सामने आया, आरोपियों की तलाश शुरू

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता




**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड के शांत माहौल को भी 'सर तन से जुदा' जैसी धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में दूसरे संप्रदाय के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। भाजपा नेता दीपक बाली ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि इस तरह के 'जिहाद' को देवभूमि में सहन नहीं किया जाएगा। मामला ऊधमसिंह नगर के काशीपुर शहर का है। काशीपुर पुलिस ने हिंदू नेता गगन कांबोज को पोस्ट डालकर धमकी देने के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गगन कांबोज पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा से प्रत्याशी भी रह चुके हैं। मोहल्ला नई बस्ती निवासी सूरज कंबोज पुत्र राकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 31 मई 2023 को उसके भाई गगन कंबोज ने फेसबुक पर दिल्ली कांड को लेकर एक पोस्ट डाली थी। इसको लेकर कुछ लोग उससे नाराज थे। उसके बाद उसके भाई ने उस पोस्ट की माफी मांगते हुए डिलीट कर दिया था। उसके बाद भी आजम मलिक अल्फाज अब्बासी, अनस खान, उबेश खान, शादाब चिश्ती समेत कुछ अन्य लोग अभी भी फेसबुक पर धमकी भरे पोस्ट कर रहे हैं। इसमें सिर तन से जुदा जैसे पोस्ट करते हुए बकायदा धमकी भी लिखी गई थी, जिसके चलते उसको अपने भाई की जान को खतरा लग रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है। एएसपी अभय सिंह व सीओ वंदना वर्मा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में स्थानीय युवक गगन कंबोज द्वारा कुछ दिन पूर्व अपने फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली गई थी। इसमें दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा आपत्ति प्रकट किए जाने पर गगन कंबोज के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और काउंसलिंग के बाद उक्त द्वारा वह पोस्ट खेद प्रकट करते हुए डिलीट कर दी गई थी। लेकिन फिर कुछ युवको ने अलग-अलग फेसबुक व इंस्टाग्राम, आइडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट किए गए। दूसरे समुदाय के कुछ युवकों द्वारा अलग-अलग आइडी बनाकर फेसबुक एवं इंस्टाग्राम आइडी व वाट्सएप से सोशल मीडिया पर लगातार गाली गलौज, जान से मारने की धमकी, अन्य आपत्तिजनक चीजें प्रसारित कर कानून व्यवस्था खराब को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उक्त व्यक्तियों द्वारा धर्म एवम जाति के नाम पर धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिस पर आरोपितों के विरुद्ध कोतवाली में धारा 153 ए/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके साथ ही साइबर सेल को जांच कर उक्त आइडी चलाने वालों की शिनाख्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

**मामले में दूसरे संप्रदाय के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।**

**भाजपा नेता दीपक बाली ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि इस तरह के 'जिहाद' को देवभूमि में सहन नहीं किया जाएगा।**

जल्द ही आरोपियों को चिह्नित कर गिरफ्तारी की जाएगी। इस मामले में भाजपा नेता दीपक बाली ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि इस तरह का जिहाद उत्तराखंड में सहन नहीं किया जाएगा। यह देवभूमि है और सर तन से जुदा जैसी धमकियां देने वालों को करारा सबक सिखाया जाएगा।

# मेरठ में महिला की गोली मारकर हत्या

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के टीपी नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक महिला की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। नगर पुलिस अधीक्षक पीयूष कुमार सिंह के मुताबिक, मृतक महिला का नाम अंजली गर्ग (35) था और वह घटना के समय दूध लेकर घर लौट रही थी। उन्होंने बताया कि अंजलि जैसे ही घर पहुंची, वहां पहले से घात लगाए खड़े बदमाशों ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नगर पुलिस अधीक्षक के अनुसार, प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे पारिवारिक रंजिश होने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि अंजली का अपने पति नितिन गर्ग से कई वर्षों से विवाद था और वह उससे अलग टीपी नगर की न्यू मेवला कॉलोनी में रह रही थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, यह भी पता चला है कि अंजलि जिस मकान में रह रही थी, उसके कब्जे और हिस्सेदारी को लेकर भी उसका ससुराल पक्ष से विवाद था। इस संबंध में अदालत में मुकदमा भी विचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पारिवारिक रंजिश के अलावा अन्य बिंदुओं को लेकर भी वारदात की जांच की जा रही है।

# विभागों की एन ओ सी लिए बिना और सम्मानित अखाड़ों एवं जनता से संवाद किये बिना बनाई गई अनैतिक डी पी आर बदली जाए




**मुख्यमंत्री से लगाई गुहार हरिद्वार की भौगोलिक परिस्तिथि एवं धार्मिक आयोजन मार्ग के हिसाब से अनैतिक रूट पर बनी डी पी आर पर पॉड कार चलाना किसी भी रूप में सही नही।**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने प्रेस वार्ता कर हरिद्वार के व्यापार्रियों के हित में माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि कोई भी व्यापारी पॉड कार का विरोधी नही विकास का विरोधी नही सिर्फ उसके बनने वाले रूट से आहत है उसके बनने वाले व्यथम मार्गो पर स्टेशन से आहत है। क्योंकि योजना के अनैतिक रूट से व्यापार चौपट ओर व्यपारियो के नुकसान की पूरी संभावना है। बिना किसी की राय लिए संवाद किये गलत डी पी आर तैयार कर सर्वे टीम ने सरकार और व्यापार्रियों को धोखे में रखा है जिसकी वजह से व्यापारी वर्ग परेशान है और वो लगातार इसके रूट को लेकर विरोध जता रहा है। कुंभ पेशवाई मार्ग दूधाधारी से ज्वालापुर तक का पाड़ कार रूट बदलना चाहिए इसकी नई डी पी आर तैयार करने के बाद ही टेंडर प्रकिया जारी होनी चाहिए यही सभी व्यापार्रियों की तरफ से अपील मुख्यमंत्री से है। सेठी ने कहा कि शहर में हुए भूमिगत विकास कार्यो में मोटा बजट लगा जिसका इस परियोजना से नुकसान होगा और आम जनमानस को परेशानी झेलनी पड़ेगी। वीकेंड पर लगे जाम को देखते हुए जिला प्रसाशन की रिपोर्ट ली जाए तो पता चल जाएगा कि कैसे ये योजना इस रूट पर चल पाएगी जब आदमी को निकलने की जगह नही मिल रही तो इसके पिलर बनने के बाद कैसे व्यवस्था सुचारू हो पाएगी। महानगर अध्यक्ष जितेंद चौरसिया एवं जिला उपाधयक्ष पंकज माटा ने कहा कि गंगा सभा , व्यापार मंडलों की आपत्ति के बाद सम्मानित अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविन्द्र पुरी जी ने भी इस योजना पर अखाड़ों की अनुमति लेने की मांग उठाकर आपत्ति जता दी है हरिद्वार जिलाधिकारी महोदय ने भी संघटनो की आपत्ति को देखते हुए मेट्रो परियोजना अधिकारियों को सबसे वार्ता करने की बात कही है और एन ओ सी भी मांगी है उसके बावजूद भी मेट्रो परियोजना अधिकारी रूट प्लान अनैतिक डी पी आर हरिद्वार पर थोपना चाहते है जो बर्दाश्त नही किया जाएगा।महामंत्री नाथीराम सैनी एवं जिला उपाध्यक्ष तरुण यादव ने कहा कि कोई भी योजना जनता के हित के लिए बनाई जाती है जिस योजना से जनहित में अहित हो उसे बदला जाना ही न्याय संगत होगा। और सभी को उम्मीद है मुख्यमंत्री उतराखण्ड इस योजना पर संघयाँ लेते हुए जल्द रूट परिवर्तन पर मेट्रो परियोजना अधिकारियों को निर्देशत करेंगे। मांग करने वालो में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, हर्ष वर्मा, सोनू चौधरी, गौरव गौतम,एस एन तिवारी, भूदेव शर्मा, गणेश शर्मा उपस्तिथ रहे।

# इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा गोद लिए गए क्षय रोगियों को छठे माह की राशन किट वितरित की

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो





**हरिद्वार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्रयाल की अध्यक्षता में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा गोद लिए गए क्षय रोगियों को छठे माह की अंतिम राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम में पहुंचे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन उत्तरी क्षेत्र पाइप लाइंस के क्षेत्रीय प्रमुख संजीव कुमार कनौजिया द्वारा बताया गया की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा चलायी गयी निःक्षय परियोजना के अंतर्गत जनपद हरिद्वार के 304 क्षय रोगियों को 6 माह तक अनुपूरक पोषाहार वितरण किया गया है जिसमें से 276 क्षय रोगी क्षय रोग मुक्त हो गए हैं जो कि 90% परिणाम है व इंडियन ऑयल द्वारा टीवी मुक्त इंडियन ऑयल परिवार हेतु प्रतिज्ञा ली गई है और कंपनी प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत 2025 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी परियोजना प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत 2025 को सफल बनाने में सहायक रही है। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्रयाल द्वारा बताया गया कि जनपद हरिद्वार के आकांक्षित जनपद होने के कारण जनपद को टी.बी. मुक्त बनाने में आगे भी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से इस ही प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है। जनपद में फिलहाल 3500 से ज्यादा क्षय रोगियों का इलाज चल रहा है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार डॉ. आरके सिंह द्वारा बताया गया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा मरीजों को उपलब्ध कराई गई अनुपूरक पोषाहार किट का उपयोग करने से उनके इलाज में सहायता प्राप्त हुई है व मरीजों को क्षय रोग मुक्त करने में विभाग सफल रहा है आगे भी विभाग इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से इसी प्रकार के सहयोग की कामना करता है। कार्यक्रम में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से नीरज सिंह, लंढौरा स्टेशन प्रमुख कमलेश राय, अनुराग जायसवाल, आशीष वर्मा मोहम्मद सलीम, आशीष शर्मा, अवनीश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

**जनपद के 276 क्षय रोग मरीज हुए रोग मुक्त**

**परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी परियोजना प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत 2025 को सफल बनाने में सहायक रही है**

# सरकार के अनुरोध पर शीर्ष पहलवान 15 जून तक विरोध प्रदर्शन स्थगित करने पर राजी




**नई दिल्ली।** सरकार ने आंदोलन कर रहे पहलवानों से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडन के आरोपों की पुलिस जांच 15 जून तक पूरी होने तक इंतजार करने को कहा है जिसके बाद वे एक हफ्ते के लिए विरोध प्रदर्शन स्थगित करने पर राजी हो गए।

पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ करीब पांच घंटे तक चली बैठक के बाद कहा कि सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि पुलिस उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेगी। दिल्ली पुलिस ने पहलवानों को 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर वहां महिला महापंचायत के आयोजन के लिए बढने की कोशिश के बाद कानून और व्यवस्था बिगाडने के आरोप में हिरासत में ले लिया था और फिर उन्हें धरना स्थल से हटा दिया गया। बैठक में ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा मौजूद थे। आंदोलन की अगुआई कर रहे पहलवानों में शामिल विनेश फोगाट बैठक में नहीं थीं क्योंकि वह हरियाणा के अपने गांव बलाली में हैं जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत का आयोजन हो रहा है। आंदोलन में पहलवानों का समर्थन कररहे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत भी बैठक नहीं थे। साक्षी मलिक ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, हमें बताया गया था कि पुलिस जांच 15 जून तक पूरी हो जाएगी। तब तक हमें इंतजार करने और विरोध स्थगित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस पहलवानों के खिलाफ 28 मई को दर्ज प्राथमिकी भी वापस लेगी। साक्षी और पूनिया दोनों ने कहा कि उनका आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है और उन्होंने सरकार के अनुरोध पर ही अपना विरोध 15 जून तक स्थगित किया है। बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक कराए जाएंगे।

## खाद्य निगम ने कस्टम को ड्रॉ पर रोका, दोनों क्वार्टरफाइनल में



**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** भारतीय खाद्य निगम और कस्टम एक्साइज की टीमें मंगलवार को ड्रॉ खेलकर फुटबॉल दिल्ली सांस्थानिक लीग के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयीं। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये संघर्षपूर्ण मैच में दोनों टीमों ने शून्य गोल किये। बीते कल के बेहतरीन खिलाड़ियों से सजी टीमों ने बराबरकी टक्कर के मुकाबले में लगभग आधा दर्जन गोल जमाने के मौके गंवाये। रेलवे के स्टार स्ट्राइकर महिप अधिकारी की फार्म आज नजर नहीं आयी। उसके कई निशाने लक्ष्य से दूर रहे तो खाद्य निगम के पीयूष भंडारी और आशु थपलियाल आसान मौकों पर चूके। खाद्य निगम के गोल कीपर सचिन झा ने कई बेहतरीन बचाव कर अपनी टीम को बचा लिया।

# टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ-कैस्पर रूड फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में अमरीका की टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं मेंस सिंगल्स में नॉर्वे के कैस्पर रूड तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इनके अलावा वूमेंस सिंगल्स में टूर्नामेंट में 14वीं सीड प्राप्त बिटरिज हदाद माइया 55 साल की उम्र में किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला हो गई हैं। अमरीकी खिलाड़ी कोको गॉफ पहले सेट में चोटिल होने के बावजूद मुकाबले में बनी रहीं और अंत में इसे जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ को पहले सेट के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। इस सेट में वह 5-2 से आगे चल रही थीं। अन्ना करोलिना शमीडलोवा ने वापसी करते हुए स्कोर को 5-5 कर दिया। इसके बाद वह फिसल कर गिर गईं। इससे उनका दायां घुटना छिल गया। कुछ देर मैच मेडिकल टाइम के लिए रुका रहा। उन्होंने पट्टी बांध कर मैच में वापसी की और पहले सेट को 7-5 से जीत लिया। वहीं दूसरा सेट ने आसानी से 6-2 से जीतकर तीसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुईं। वहीं क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इगा स्वियातेक से होगा। मेंस सिंगल्स में नॉर्वे के कैस्पर रुड ने चिली के निकोलस जैरी को 7-6, 7-5, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। वह तीसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

**माइया 55 साल की उम्र में अंतिम-8 में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला**

14वीं सीड बिटरिज हदद माइया 55 साल की उम्र में किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वालीं पहली ब्राजीली महिला हो गई हैं। माइया ने सारा सोरिबेस टोरमो 6-7, 6-3, 7-5 से हराया। उनका मुकाबला तीन घंटे 51 मिनट चला। जो इस सीजन में वूमंस कैटेगिरी का सबसे लंबा मुकाबला रहा। माइया से पहले ब्राजील की ओर से मारिया बूइनो ने 1968 में रोलां गैरो के अलावा विंबलडन के अंतिम आठ में प्रवेश किया था और उसके बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से पहले माइया किसी ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ी थीं।

# कारोबार

# सैमसंग ने लाँच किया गलैक्सी एफ 54 5 जी स्मार्टफोन




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्मार्टफोन सहित विभिन्न उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक्स उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी सैमसंग ने आज भारतीय बाजार में अत्याधुनिक कैमरा और 6000 एमएएच बैटरी वाला नया स्मार्टफोन गलैक्सी एफ 54 5 जी लाँच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 27999 रुपये है।

सैमसंग इंडिया के एमक्स डिविजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लान ने इस स्मार्टफोन को लाँच करते हुये कहा कि इसमें 108 एमपी का नॉ शेक कैमरा है जो किसी प्रकार के मूवमेंट को सटीक तरीके से फोटो लेने में सक्षम है। इसमें नाइटोग्राफी दिया गया है जो कम रोशनी में भी बेहतर फोटो ले सकता है। इसके साथ ही यह कैमरा एस्ट्रोलेप्स तकनीक से भी युक्त है। उन्होंने कहा कि इस स्मार्टफोन में ट्रिपल रियर कैमरा है जिसमें 108 एमपी का मुख्य कैमरा, आठ एमपी का अल्ट्रा वाइड लेंस और दो एमपी का मैक्रो लेंस है। इसके साथ 32 एमपी का फ्रंट कैमरा भी है। इसमें 6000 एमएएच की बैटरी दी गयी जो इस स्मार्टफोन को पूरे दिन चलाने में सक्षम है। इसका डिस्प्ले 6.7 इंच का है। इसके साथ ग्राहक को कई तरह की अन्य सुविधाओं से युक्त गलैक्सी फाउंडेशन फीचर भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्मार्टफोन आठ जीबी रैम और 256 जीबी रॉम के साथ आयेगा और यह ऑनलाइन मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट, सैमसंग डॉटकॉम और चुनिंदा रिटेल स्टोर पर भी उपलब्ध होगा।

## अब ATM से यूपीआई के जरिए भी निकाल सकेंगे कैश

**नईदिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विदड्रॉल नाम की एक नई सर्विस शुरू करने की घोषणा की है। इस नई सर्विस के जरिए बैंक के कस्टमर्स बैंक के एटीएम से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का यूज कर कैश निकाल सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा यूपीआई से कैश निकालने की सर्विस देने वाला पब्लिक सेक्टर का पहला बैंक बन गया है। इस सर्विस का इस्तेमाल कर कस्टमर एक दिन में सिर्फ दो बार ही अपने अकाउंट से ट्रांजैक्शन कर सकता है। बैंक ने इस सर्विस के तहत एक ट्रांजैक्शन की लिमिट 5,000 रुपए रखी है। यानी कस्मटर एक दिन में इस सर्विस से दो बार ट्रांजैक्शन कर अधिकतम 10,000 रुपए ही निकाल सकता है। यह फैसिलिटी सिर्फ बैंक ऑफ बड़ौदा के कस्मर्स तक ही सीमित नहीं है।

# होंडा की नई एसयूवी एलीवेट का भारत में वैश्विक अनावरण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रीमियम कार बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज भारत में अपनी नई ग्लोबल एसयूवी 'होंडा एलीवेट' का वैश्विक अनावरण किया। होंडा मोटर्स कंपनी लिमिटेड के (एशिया और ओशेनिया) के क्षेत्रीय प्रमुख और एशियन मोटर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं सीईओ तोशियो कुवाहारा ने इस नयी एसयूवी का अनावरण के मौके पर कहा कि एलीवेट को इस साल त्योहारी सीजन के दौरान भारत में लॉन्च किया जाएगा। भारत वैश्विक स्तर पर नयी एसयूवी एलीवेट का निर्माण और बिक्री करने वाला पहला देश होगा। जबकि एलीवेट की शुरुआती पेशकश घरेलू बाजार पर केंद्रित है, वहीं भारत का लक्ष्य ग्लोबल स्तर पर एसयूवी की भारी माँग को पूरा करते हुए दुनिया के अन्य हिस्सों में नए मॉडल के लिए एक महत्वपूर्ण निर्यात केंद्र के रूप में काम करना है।

उन्होंने कहा कि एलीवेट 'अर्बन फ्रीस्टाइलर' की अवधारणा पर बनाया गया है। इसका उद्देश्य अपनी आधुनिक डिजाइन और व्यावहारिकता से व्यस्त जीवनशैली और वैश्विक मानसिकता वाले ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करना है। साथ ही यह शहर में और बाहर हमेशा ऐडवेंचर के लिये तैयार लोगों को अविश्वसनीय रूप से बहुपयोगी, आरामदायक और मजेदार एसयूवी ड्राइव का अनुभव प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि एलीवेट एक मिड-साइज़ एसयूवी है, जिसमें भडकदार और उन्नत एक्सटीरियर डिजाइन के साथ आकर्षक फ्रंट फेस, शार्प कैरेक्टर लाइंस और यूनिक रेयर डिजाइन शामिल हैं। इसमें पीछे की ओर विशिष्ट टेलगेट डिजाइन और एलईडी ललाइट्स लगाई गई है। कुवाहारा ने कहा कि ऑल-नयी एलीवेट को थाइलैंड में स्थित होंडा आरएंडडी एशिया पैसिफिक सेंटर द्वारा विकसित किया गया है। भारत में आर एंड डी टीम ने बाज़ार का विशेष रूप से व्यापक सर्वेक्षणों के माध्यम से संभावित लक्षित ग्राहकों को समझने पर काम किया है। सर्वेक्षण में एसयूवी को खरीदने के लिए ग्राहकों के तीन मुख्य प्रेरक घटकों का प्रतिबिम्ब है, जिनमें इस एसयूवी की स्टाइलिश बोल्ड एक्सटीरियर डिजाइन, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सुरक्षा तथा इंटीरियर की बड़ी जगह के साथ लम्बी दूरी की यात्रा के समय सामान्य आराम शामिल हैं। उन्होंने कहा "दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोटिव बाजार होने के नाते भारत होंडा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# संपादकीय

## पहलवानों का संघर्ष थमा नहीं

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बीती 3 जून की रात्रि 11 बजे मुलाकात और चर्चा के बाद आंदोलनकारी पहलवान रेल मंत्रालय में अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आए। आम निष्कर्ष यह निकाला गया कि पहलवानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। शायद गृहमंत्री के स्तर पर कोई दबाव दिया गया होगा ! यह भी हो सकता है कि गृहमंत्री ने देश के पदकवीर पहलवानों को कोई आश्वासन दिया हो और उसके सम्मान के लिए पहलवान अपनी नौकरी पर लौट गए ! कई अटकलें और अफवाहें भी तैर रही हैं। उनमें से कुछ तो बड़े अंग्रेजी अखबारों में भी छपी हैं। जिज्ञासा हुई, तो सवाल भी कौंधने लगे कि भारतीय कुश्ती संघ में यौन-शोषण, उत्पीडऩ और भद्दे-धमकी भरे व्यवहार सरीखे मुद्दों का क्या होगा? क्या महिला पहलवानों को निर्णायक इंसाफ नहीं मिलेगा? क्या पुलिसिया जांच इसी तरह खिंचती और टलती रहेगी, क्योंकि यौन-सीमाएं लांघने के गंभीर आरोप कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर लगे हैं।

क्या हिन्दी फिल्मों के खलनायक की तरह बृजभूषण का भी सामाजिक व्यवहार होगा और उसकी मुस्कान भी व्यंग्यमयी होती जाएगी? कुश्ती संघ के भीतर नाबालिग, बालिग और पदकवीर महिला पहलवानों का किस तरह यौन-शोषण, उत्पीडऩ और शारीरिक संबंध बनाने की जो हरकतें एक बड़े अंग्रेजी अखबार में, प्राथमिकी के आधार पर, पृष्ठ एक पर छपती रही हैं और टीवी चैनलों पर खुली बहस होती रही है, क्या उसे असत्य और फर्जी करार दे दिया जाएगा? बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक भारत के पदकवीर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं। बजरंग ने ट्वीट कर स्पष्ट किया है कि हम न पीछे हटे हैं और न ही हटेंगे। मैडल की कीमत आंकने वाले हमारी नौकरी के पीछे पड़े हैं। यदि जिंदगी दांव पर लगी है, तो उसके सामने नौकरी बहुत छोटी चीज है। हम नौकरी को भी छोड़ सकते हैं। आंदोलन वापस लेने की खबर झूठी अफवाह है। आखिरी इंसाफ तक हम संघर्ष करते रहेंगे। कुछ और फर्जी खबरों का निराकरण भी हुआ है। मसलन-न्यायाधीश के सामने धारा 164 के तहत दोबारा और नया बयान दर्ज नहीं कराया जा सकता। यौन-शोषण संबंधी पुलिस में दर्ज प्राथमिकी को खारिज नहीं किया गया है। जो शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान थी, उसके पिता ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपनी शिकायत और बयान वापस नहीं लिए हैं। यौन-शोषण और पदक जीतने के वक्त पहलवान नाबालिग थी और आज भी नाबालिग ही है, लिहाजा पॉक्सो कानून के तहत ही केस चलाया जाएगा। क्या गृहमंत्री ने पहलवानों को आश्वस्त किया है कि आरोपित बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो के तहत अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? क्या भविष्य में गिरफ्तारी संभव है? यदि देश के गृहमंत्री ने पहलवानों को कोई सकारात्मक आश्वासन दिया है, तो बेहतर है, क्योंकि देश की पुलिस उनके अधीन कार्यरत है।

## पर्यावरण और स्कूल शिक्षा

डा. वरिंद्र भाटिया



इस बार भी विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। हालांकि आज के औद्योगीकरण के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चिंता का विषय बन गया है। इसके चलते दुनियाभर के इकोसिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। हम सबको पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीन हाउस के प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल इफेक्ट आदि ज्वलंत मुद्दों और इनसे होने वाली विभिन्न समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनना होगा जिसकी शुरुआत स्कूल शिक्षा के जरिये होनी चाहिए। मनुष्य और पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी-बुरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है। मनुष्य की बुरी आदतें जैसे पानी दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती हैं जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करके भुगतना ही पड़ता है। पर्यावरण के जैविक संघटकों में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़े-मकोड़े, सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधों के अलावा उनसे जुड़ी सारी जैव क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। मानव ने अपने फायदे के लिए पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाया है जिसके परिणामस्वरूप आज कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इनमें ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण जैसी समस्याएं शामिल हैं। इसके अलावा कई गंभीर बीमारियां पर्यावरण असंतुलन के कारण होती हैं। लेकिन प्रकृति ने हमें कई उपहार दिए हैं जिसके कारण मानव आज इस धरती पर जीवित रह पाया है। जब समाज आर्थिक संकटों, युद्धों और अंतहीन सामाजिक समस्याओं का सामना कर रहा हो तब भी पर्यावरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह मायने रखता है क्योंकि पृथ्वी ही एकमात्र घर है जो मनुष्यों के पास है, और यह हवा, भोजन और अन्य जरूरतें प्रदान करता है।

हम वास्तव में पर्यावरण के वास्तविक मूल्य को नहीं समझते हैं। वायु, जल और मृदा प्रदूषण पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों की अधिकता से पर्यावरण गर्म हो रहा है। सुरक्षात्मक ओजोन परत नष्ट हो रही है, जिससे सूर्य की सीधी अल्ट्रा-वायलेट किरणें पृथ्वी में प्रवेश करती हैं, बर्फ पिघलने लगती है और जानवरों और मनुष्यों में गंभीर त्वचा रोग पैदा करती हैं। पेड़ों की कमी, बढ़ते प्रदूषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग के कारण विभिन्न जानवर विलुप्त होने के कगार पर हैं। कभी ग्रामीण जिलों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास करने वाले पक्षी अब उद्योगों के हानिकारक उत्सर्जन और इलेक्ट्रॉनिक तरंगों के कारण दिखाई नहीं देते हैं। प्रकृति का यह असंतुलन पृथ्वी पर लंबे समय तक चलने वाले जीवन के लिए गंभीर समस्याएं और खतरा पैदा कर रहा है। पर्यावरण के रखरखाव में स्कूल शिक्षा महत्वपूर्ण रोल निभा सकती है। इसलिए कुछ सुझाव हैं : हमारे स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापकों का दृष्टिकोण स्वयं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक, जिज्ञासापूर्ण, उत्साहवद्र्धक और उदार होना चाहिए। वे प्रकृति प्रेमी हों और उन्हें प्रकृति के प्रति रागात्मक लगाव हो। जब तक विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापक जीवन में पर्यावरण का महत्त्व स्वयं नहीं समझेंगे तब तक वे अपने छात्रों को उस दिशा में प्रेरित भी नहीं कर सकेंगे। स्कूल शिक्षण के समय अवसर की तलाश कर पर्यावरण से सम्बन्धित बातों यथा पर्वतों, जंगलों, नदियों, समुद्रों, पवन, भूमि, जीव-जन्तुओं और वनस्पतियों के सम्बन्ध में जानकारी देनी चाहिए। गंगा, यमुना, नर्मदा, हिमालय और गंगासागर का महत्त्व रुचिपूर्वक बताना चाहिए। पीपल, कदंब, नीम, आम, तुलसी आदि के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्त्व पर प्रकाश डालना चाहिए।

## चिंतनीय है पर्यावरणीय परिवर्तन

प्रो. सुरेश शर्मा

जब भी जीवन में कुछ अप्राकृतिक घटित होने लगता है तो मानवीय चिंताएं बढऩे लगती हैं। मनुष्य की वृति है कि जब तक सब कुछ ठीक चल रहा होता है तब तक वह परवाह नहीं करता, परन्तु जब प्रकृति में असामान्य परिवर्तन होता है तो वह घबराने लगता है, जबकि डरने या घबराने के स्थान पर इस विषय पर गम्भीर चिन्तन एवं गहन विचार की आवश्यकता है। हम सभी ने कोरोना काल की त्रासदी देखी है। मानवीय इतिहास में किसी महामारी से जान-माल की इतनी हानि कभी नहीं हुई, लेकिन अनेकों प्राकृतिक चेतावनियों के बावजूद मनुष्य की स्वार्थी वृत्ति भारी ही रही जिसका परिणाम उसे भुगतना पड़ा है। हम सभी पर्यावरण परिवेश में जीते हैं। यह प्रकृति हमें जीवन यापन के सभी प्राकृतिक संसाधन प्रदान करती है, परन्तु मनुष्य की स्वार्थी एवं कृतज्ञताहीन भावना ने उसे हमेशा ही चोट पहुंचाई है। परिणामस्वरूप मनुष्य को अति वर्षा, सूखा, बाढ़, बर्फबारी तथा भूकम्प के रूप में सजा मिलती रही है। पर्यावरण में मनुष्य, जीव जंतुओं, पशु-पक्षियों के साथ सभी निर्जीव वस्तुओं का सन्तुलन होना बहुत आवश्यक है। प्राकृतिक संरचना में पंच भूतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश के बिना यह सृष्टि संभव नहीं है। इन सभी के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए इनका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्यवश हम जिस सृष्टि का उपयोग कर रहे हैं उसी का ही अति दुरुपयोग कर रहे हैं जैसे कि हमारे बाद प्रकृति के इन संसाधनों की किसी को आवश्यकता नहीं



पड़ेगी। इस प्राकृतिक संपदा का संतुलित रूप से उपयोग करना आवश्यक है। मनुष्य अपनी महत्वाकांक्षा के लिए भूमि पर दिन-रात अंधाधुंध भवन निर्माण, जल बांध, पहाड़ों का सीना छलनी कर बड़ी-बड़ी टनल बना रहा है। प्रकृति द्वारा प्रदत पेड़-पौधों का कटान कर सम्पूर्ण वनस्पति का विध्वंस कर रहा है। मिट्टी में हजारों प्रकार की खाद तथा रासायनों का प्रयोग भूमि की उर्वरकता को समाप्त कर रहा है। मनुष्य जल का प्रयोग भी बहुत ही बेदर्दी से कर रहा है। पुराने जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। आने वाले बीस-पच्चीस वर्षों के बाद पूरी दुनिया में पीने के पानी की विकराल समस्या हमारे सामने खड़ी है। अनेकों प्रकार की गंदगी पानी तथा कारखानों के रासायनिक पदार्थ पानी में प्रवाहित कर दिए जाते हैं जिससे पानी के भीतर के जीव-जन्तु मर जाते हैं। भविष्य में जल प्रदूषण की भयंकर समस्या तथा पीने के पानी की गम्भीर चुनौती आने वाली पीढ़ी के समक्ष होगी। अनेकों वैज्ञानिक प्रयोगों से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। इस तापमान के बढऩे से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ चुका है। इसी कारण मई और जून महीने में बर्फबारी, तूफान तथा वर्षा से सर्दी जैसा मौसम हम सभी ने अनुभव किया है। पर्यावरणीय असंतुलन से बरसात में सूखा, दिसम्बर तथा जनवरी में गर्मी जैसा तापमान देखा जा रहा है। वायु की चाल में भी असन्तुलन तथा दांव न बनने के कारण समय पर मानसून समय पर नहीं पहुंच रही है। धुंध, धूल, धुआं, धमाकों से वायु प्रदूषित हो चुकी है। समोक तथा फॉग से 'समोग' जैसे शब्दों का निर्माण हो चुका है। यह सब इस आकाश के परिवेश में घटित होने से हमारा अंतरिक्ष बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त ध्वनि प्रदूषण तथा वैचारिक प्रदूषण ने भी हमारी प्रकृति को हानि ही पंहुचाई है। हमारी भारतीय संस्कृति में जीवन के इन पंचभूतों की पूजा की जाती है तथा पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश के लिए शान्ति पाठ किया जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों में प्रकृति के संरक्षण की प्रतिज्ञा की जाती है, लेकिन मनुष्य की स्वार्थी सोच ने इस प्रकृति को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, जैसे कि हमारे बाद दुनिया समाप्त हो जाएगी। प्रकृति ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्रदत एक सुंदर कृति है जो सभी को पोषित करती है। इस पर किसी का कोई स्वामित्व नहीं है।

यह किसी की बपौती नहीं है। इस पर वर्षों तक जन्म लेने वाली मानवीय पीढियों के साथ पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं का अधिकार है। पर्यावरण संरक्षण को मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ा जाना आवश्यक है। शिक्षा में केवल सैद्धांतिक रूप से नहीं बल्कि व्यावहारिक रूप से विद्यार्थियों को सिखाया जाना आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। ये अभियान न केवल कागजों तथा सरकारी फाइलों तक ही सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तथा वर्ग को इनका हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आमतौर पर सरकारी कार्यक्रमों की औपचारिकता निभा कर पर्यावरण संरक्षण की इतिश्री कर दी जाती है। यह कार्य केवल पर्यावरण दिवस कर कार्यक्रम आयोजित कर, भाषण देने तथा रैलियां निकालने से संभव नहीं होगा।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

## छोटी खबरें

### बहनागा ट्रेन हादसा: सीबीआई ने दर्ज किया केस

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को रेल मंत्रालय के अनुरोध और ओडिशा सरकार की सहमति पर बहनागा बाजार स्टेशन पर शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध में मामला दर्ज कर लिया। सीबीआई ने इस संबंध में बालासोर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपीएस) द्वारा तीन जून को दर्ज किए गए मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम मंगलवार को बहानागा स्टेशन पहुंची और भयानक ट्रेन त्रासदी की जांच शुरू कर दी। अब तक 288 लोगों की जान गई है और 1,000 से अधिक घायल हुए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड ने दो सुपरफास्ट ट्रेनों और एक मालगाड़ी से जुड़े ट्रेन हादसे की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

### जर्जर विद्यालयों के कायाकल्प पर 75 प्रतिशत राशि देगी सरकार

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार पुराने जीर्ण शीर्ण माध्यमिक विद्यालयों का कायाकल्प करेगी। सरकार की इस योजना का लाभ निजी विद्यालयों को भी मिलेगा। योजना के तहत विद्यालयों के कायाकल्प में 75 प्रतिशत राशि सरकार की ओर से दी जाएगी, जबकि 25 प्रतिशत राशि प्रबंध तंत्र को खर्च करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पिछले वर्ष भी सरकार यह योजना लेकर आई थी, जिसमे सरकार कि ओर से 50 प्रतिशत अनुदान देने की बात कही गयी थी।

# मोदी सरकार के नौ साल में गरीबों के साथ हुआ विश्वासघात: खड़गे

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आज कहा कि अपने 09 साल के शासनकाल के दौरान उसने अमीरों की मदद की है और गरीबों के साथ सिर्फ धोखा ही किया है। उन्होंने तुकबंदी करते हुए मोदी सरकार के कार्यकाल को 'मित्र काल' करार दिया और कहा कि यह याद दिलाना अब जरूरी हो गया है कि इस अवधि में सिर्फ अरबपति मित्रों को ही सौगात दी गई और 'अच्छे दिन' का उनका नारा अमीरी और गरीबी की खाई में बदल गया।

खडगे ने कहा याद दिलाना ज़रूरी है कि पिछले 09 सालों के 'मित्र काल' में.. अरबपतियों को मिली ढेरों सौग़ात, और ग़रीबों से किया गया सिर्फ़ विश्वासघात। आर्थिक असमानता की खाई को किया इतना गहरा,जनता ने देखा "अच्छे दिन" का असली चेहरा।



## किसान विरोधी है भाजपा सरकार-कांग्रेस

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि वह सिर्फ धनवानों के लिए काम करती है और गरीबों, पहलवानों, जवानों, किसानों की उसे परवाह नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है और हरियाणा में कुरुक्षेत्र के शाहबाद मंगलवार को किसानों के प्रति उसकी क्रूरता से साबित हो गया है कि भाजपा का किसान और उनकी समस्या से लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा ये साफ हो चुका है कि ये सरकार न किसान की है, न जवान की है, न पहलवान की है। ये सरकार सिर्फ धनवान की है। भजपा सरकार का नारा है- पिटे किसान, जय धनवान। हुड्डा ने कहा कि शाहबाद में हरियाणा पुलिस ने जिस तरह से किसानों के साथ बर्बरता की है वह अंग्रेज शासन के समय की क्रूरता को याद दिलाती है। उनका कहना था कि किसान मध्य प्रदेश के मंदसौर में किसानों पर हुई बर्बरता की छठवीं बरसी पर शाहबाद में एकत्रित हुए थे।

## बोरवेल में गिरी सृष्टि को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी, मुख्यमंत्री ने सेना को बुलाया

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के मुगावरी गांव में ढाई वर्ष की एक बालिका सृष्टि के बोरवेल में गिर जाने के बाद से उसे निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन आज सुबह भी जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सृष्टि को निकालने का अभियान कल दोपहर से ही प्रारंभ कर दिया था। इसके लिए छह पोकलिन और जेबीसी मशीन लगी हुई है। 35 फीट गहरा गड्ढा खोदना है। 20 फीट गहरा गड्ढा रात को खुद गया था, लेकिन उसके बाद पत्थर आ जाने के कारण खुदाई का कार्य शिथिल हो गया है। बताया जा रहा है कि यह कार्य रात भर चलने के बाद अभी भी जारी है। एक अनुमान के अनुसार बालिका करीबन 40 फीट नीचे जा फंसी है, जिसका केवल हाथ ही दिखाई दे रहा है। उसे ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। यह बोरवेल तीन सौ फिट गहरा है जो तीन साल पहले खुदा था। उधर, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सीहोर जिले में खुले बोरवेल में गिरी बच्ची के बचाव कार्य के लिए सेना पहुंच रही है। बोरवेल में गिरी तीन साल की मासूम बच्ची की लगातार निगरानी हो रही है। बच्ची वाइब्रेशन के कारण और नीचे चली गई है। उन्होंने बताया कि उसे बचाने के लिए सेना पहुंच रही है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पहले से काम कर रहे थे, लेकिन अहसास हुआ कि सेना से बचाव कार्य और तेज होने की संभावना है।



# विदेश

## सोमालिया में सेना ने अल शबाब के 20 आतंकवादियों को मार गिराया



**मोगादिशु (वार्ता)।** सोमालिया की सेना ने देश के दक्षिणी क्षेत्र लोअर शबेले में बुधवार को एक अभियान के दौरान अल-शबाब के 20 आतंकवादियों को मार गिराया। सूचना, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री दाउद अवेस ने बताया कि आतंकवादी फिर से संगठित होने और क्षेत्र में हमला करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सोमाली नेशनल आर्मी की कार्रवाई में 20 आतंकवादी मारे गये। क्षेत्र में सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार जल्द ही पड़ोसी देशों के सैनिकों की भागीदारी के साथ अल-शबाब के आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी। उन्होंने सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ¤यह माना जाता है कि अगर अल-शबाब के उग्रवादियों को सोमालिया से बाहर निकाला जाता है, तो वे संभवतः केन्या, इथियोपिया और जिबूती जैसे पड़ोसी देशों में जा सकते हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं अगस्त 2022 में राष्ट्रपति हसन शेख महमूद द्वारा आतदंकवादियों के खिलाफ चौतरफा युद्ध की घोषणा के बाद से सरकारी बलों ने अल-शबाब समूह के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए हैं।

## स्वीडन के सर्वोच्च न्यायालय ने पीकेके सदस्य के तुर्की प्रत्यर्पण को हरी झंडी दी

**स्टॉकहोम, (वार्ता)।** स्वीडन के सर्वोच्च न्यायालय ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक समर्थक के तुर्की में प्रत्यर्पण को हरी झंडी दे दी है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश अखबार आफ्टोनब्लाडेट ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह के पहले प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। स्वीडिश सरकार को अब प्रत्यर्पण पर फैसला करना होगा। अंकारा पीकेके को एक आतंकवादी संगठन मानता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2022 में तुर्की के अदाना शहर के सामान्य अभियोजक कार्यालय के अनुरोध पर 35 वर्ष की आयु के एक व्यक्ति को स्वीडन में गिरफ्तार किया गया था। अखबार ने बताया कि अदालत का फैसला विलनियस में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों के शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले लिया गया है। शिखर सम्मेलन 11 एवं 12 जुलाई को होगा। उल्लेखनीय है कि स्वीडन ने फ़िनलैंड के साथ रुस द्वारा यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरु करने के बाद मई 2022 में नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन किया था। गठबंधन के सभी 30 सदस्यों द्वारा फिनलैंड के आवेदन की पुष्टि की गई है। स्वीडन का आवेदन अभी भी हंगरी और तुर्की द्वारा अनुमोदन के लिए लंबित है।

## जलवायु परिवर्तन से 2100 तक 76.8 प्रतिशत प्रवाल रोगग्रस्त हो सकते हैं

**सिडनी (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया में यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू सिडनी) के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में अनुमान लगाया है कि जलवायु परिवर्तन से 2100 तक 76.8 प्रतिशत प्रवाल रोगग्रस्त हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने इकोलॉजी लेटर्स जर्नल में बुधवार को प्रकाशित अपने नए अध्ययन में कहा कि गहन-विश्लेषण करने के लिए वैश्विक प्रवाल रोग पर 108 पेपरों को शामिल करते हुए एक डेटा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि औसत ग्रीष्मकालीन समुद्री सतह के तापमान (एसएसटी) वृद्धि और साप्ताहिक समुद्री सतह के तापमान विसंगतियां (डब्ल्यूएसएसटीए) दोनों प्रवाल रोग के वैश्विक वृद्धि से जुड़े हुए हैं।

## मिस्र, यूएई ने पवन ऊर्जा परियोजना पर हस्ताक्षर किए

**दोहा (वार्ता)** मिस्र ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ दुनिया की सबसे बड़ी 10 अरब डॉलर की पवन ऊर्जा परियोजनाओं में से एक बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अल अरबिया टीवी ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार 10 गीगावाट बिजली उत्पादन करने की यह परियोजना अमीराती अक्षय ऊर्जा कंपनी मसदर द्वारा बनाई जायेगी और इसके साथ मिस्र की इन्फिनिटी पावर और हसन आलम यूटिलिटीज भी शामिल होंगे। दुनिया का सबसे बड़ा विंड फार्म मध्य मिस्र के सोहाग शहर के पास स्थित होगा। परियोजना में बिजली उत्पादन चार साल के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। मिस्र के शर्म अल-शेख में पिछली बार संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी27 के दौरान संयुक्त पवन ऊर्जा परियोजना पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस परियोजना के अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए समर्पित मिस्र की ग्रीन कॉरिडोर पहल का हिस्सा होने की उम्मीद है। परियोजना से मिस्र को प्राकृतिक गैस की वार्षिक लागत में लगभग पांच अरब डॉलर की बचत होने और 100,000 तक रोजगार सृजित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



# हमारे द्वारा किया गया रक्तदान एक नहीं कई जिंदगियो को बचाता है : संदीप जैन




**एकम्स ने किया तीन दिवसीय रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड 1541 युनिट का रक्तदान।**

**यह शिविर 05 जून से 07 जून २०२३ तक हरिद्वार सिडकुल में स्थित एकम्स की विभिन्न इकाईयों में लगाया गया।**

**एकम्स के प्रबन्ध निदेशक संदीप जैन ने स्वयं रक्तदान करके सभी कार्मिको से रक्तदान करने का आवहान किया।**

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार**। एकम्स ग्रुप द्वारा गत वर्षों की तरह अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए अपनी सस्था एकम्स हेल्थ एण्ड एजुकेशन के तहत इस वर्ष भी विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 05 जून से 07 जून 2023 तक हरिद्वार सिडकुल में स्थित एकम्स की विभिन्न इकाईयों में लगाया गया। जिसमे संस्थान के कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं लगभग 1541 युनिट रक्तदान किया गया। जोकि एक रिकॉर्ड है। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ एकम्स के प्रबंध निदेशक संदीप जैन एवं धर्मपत्नी अर्चना जैन जी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर एकम्स के प्रबन्ध निदेशक संदीप जैन ने स्वयं रक्तदान करके सभी कार्मिको से रक्तदान करने का आवहान किया, हमें समय-समय पर रक्तदान का पुनित कार्य करके समाज के प्रति अपने दायित्वो का निर्वाह करते रहना चाहिए। रक्तदान महादान है एवं हमारे द्वारा किया गया रक्तदान एक नहीं कई जिंदगियो को बचाता है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस वर्ष एकम्स में एम्स ऋषिकेश, एच.एम.जी. अस्पताल हरिद्वार हिमालयन हॉस्पिटल जोली या दून हॉस्पिटल देहरादून एवं स्वामी भूमानन्द हॉस्पिटल बेस अस्पताल कोटद्वार से आयी मेडिकल टीम द्वारा रक्त शिविर से रक्त संग्रह किया गया। एकम्स परिवार समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त कोषों में रक्त उपलब्ध करता रहा है। हिमोग्लोबिन की कमी व अन्य बिमारियों की वजह से भी कई कर्मचारिया रक्तदान करने से वंचित हो गये। इस अवसर पर शिवांगी जैन, संजय सिन्हा, अरविंद श्रीवास्तव जे. बी. काण्डपाल, सत्यप्रकाश, सुदामा प्रसाद कं. डी. शर्मा, डा. शर्वजीत सिंह, समंदर सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, ललित अरोड़ा, सुधीर अग्रवाल, राजेश बोहरा, दीपक भरद्वाज, राहुल चौहान, प्रणवी अरोडा, आदिती, अर्चना सैनी साकेत जीनत इत्यादि उपस्थित रहे।

# हलाल नियन्त्रण मंच उत्तराखण्ड अध्यक्ष बने एडवोकेट सुनील शर्मा



उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार**। हलाल नियन्त्रण मंच उत्तराखण्ड की बैठक पर एडवोकेट सुनील शर्मा को जिला अध्यक्ष के दायित्व की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रान्त अध्यक्ष डा. अरविन्द कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि मंच का कार्य आमजन को जागरूक करने का है, अभी तक भी अधिकतर सनातनी हलाल और हलाला में अंतर नहीं समझ पा रहा है जो कि हमारे लिए दुख का विषय है।


हलाल प्रमाण पत्र देने के नाम पर अवैधानिक संस्थाएं कम्पनियों से मोटी रकम वसूल कर रही हैं तथा उस धन का उपयोग देश विराधी गतिविधियों में हो रहा है। इसके अतिरिक्त हिन्दू के सहिष्णु होने का नाजायज लाभ उठाते हुए उन्हें हलाल प्रमाणित वस्तुओं का उपयोग करने हेतु मजबूर किया जा रहा है। जो कि सहन करने योग्य नहीं है, जिनका वहिष्कार किया जाना आवश्यक है तथा जिसके लिए मंच संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सैनी, जिगर श्रीवास्तव, सतीश सिंह, योगिता, राहुल भाटिया, अखिलेश डबराल आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त हरिद्वार जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा एडवोकेट ने कहा कि मुझे संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे तन मन धन से निभाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्री मनीष अस्थाना श्री कृष्ण कुमार सैनी जी एवं प्रवीण चौहान एडवोकेट ने नवनियुक्त हरिद्वार जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा को बधाई दी।

## कैंटीन में संदिग्ध परिस्थितियों में चालक का शव फंदे से लटका मिला, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**हरिद्वार**। शराब की दुकान की कैंटीन में संदिग्ध परिस्थितियों में चालक का शव फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक शौकीन चंद पुत्र जगतराम (57 वर्ष) निवासी सिरमौर हिमाचल प्रदेश रुड़की के रामनगर चौक स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान में बीते दो वर्ष से चालक का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि शौकीन रात में शराब की कैंटीन में ही सोता था। बताया कि वह और उनका साथी सेल्समैन सोनू प्रतिदिन की तरह मंगलवार की रात दुकान में सोने चले गए और शकीन कैंटीन में सोने चला गया। सेल्समैन देवेंद्र चौहान ने बताया कि सुबह जब कैंटीन खोली गई देखा कि कैंटीन में शौकीन रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जिसके बाद उनके होश उड़ गए। आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ग्रामीण ने ग्राम प्रधान पर लगा दिया भूमि कब्जाने का आरोप

**हरिद्वार**। जनपद हरिद्वार में अवैध निर्माण और भूमि कब्जाने के मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। अब जनपद के श्यामपुर क्षेत्र के ग्रामीण ने अपने ही क्षेत्र के ग्राम प्रधान पर ग्रामसभा की भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। मामले में ग्रामीण ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। शिकायतकर्ता ग्रामीण नरेश कुमार ने सीएम को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि कुछ समय पूर्व श्यामपुर क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि का एक आवासीय पट्टा लगभग 100 वर्ग गज योगेश कुमार के नाम पर आवंटित हुआ था। जिसके बाद योगेश कुमार ने आवंटित भूमि के साथ 100 वर्गगज भूमि पर अतिरिक्त रूप से कब्जा करते हुए पक्का निर्माण कर दिया है। जिसमें उन्होंने



दुकान और मकान का निर्माण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि योगेश कुमार के नाम काफी पैतृक संपत्ति और भूमि श्यामपुर क्षेत्र में ही स्थित है। इसलिए वह आवंटित भूमि के लिए अपात्र है। वह ग्राम समाज की भूमि पर बनी दुकानों से मोटा किराया वसूल रहा है। अपनी दबंगई के चलते उसने कई वर्षों से यह भूमि कब्जा रखी है। उन्होंने ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर सरकारी उपयोग में लाए जाने की मांग सीएम से की है। नरेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम ने तहसीलदार को स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत का निस्तारण करने और वास्तुस्थिति से अवगत कराते हुए आख्या उपलब्ध कराने के भी आदेश दे दिए हैं, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो मुख्यमंत्री से मिलकर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# जनता का विकास आखरी पंक्ति के व्यक्ति को उचित सुविधाएँ उपलब्ध कराना कांग्रेस की प्राथमिकता : मोहित

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**डोईवाला**। नगर कांग्रेस, नगर पालिका सभासद, पूर्व प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण आयोजित बैठक में संगठन द्वारा तय किया कि कांग्रेस का जो भी कार्यकर्ता ज़मीन पर मजबूती से संगठन व जनता के लिए कार्य करेगा उन्हें आगामी निकाय चुनाव में वरीयता दी जाएगी। परवादून जिला कांग्रेस कार्यालय में डोईवाला नगर कांग्रेस द्वारा नगर पालिका सभासद व पूर्व प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि डोईवाला क्षेत्र में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा मनवाल के कार्यकाल में करोड़ों के विकास कार्य हुए हैं व स्वच्छता पर कई पुरस्कार मिले हैं और जनता का विकास व आखरी पंक्ति के व्यक्ति को उचित सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमेशा से कांग्रेस की प्राथमिकता में रहा है उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जो भी कार्यकर्ता ज़मीन पर मजबूती से संगठन व जनता के लिए कार्य करेगा उन्हें आगामी निकाय चुनाव में वरीयता दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस के पीसीसी



सदस्य व पूर्व विधानसभा डोईवाला प्रत्याशी गौरव चौधरी ने कहा कि डोईवाला नगर पालिका क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और आगामी महीनों में बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं को एकजुट होकर आगामी नगर निकाय चुनावों में अपनी सहभागिता देने का प्रण लेना होगा। डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार नेगी ने कहा कि आगामी निकाय चुनावों के लिए जल्द ही जनता के बीच जाकर जनमत संग्रह भी किया जाएगा और संगठन द्वारा वार्ड व बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे व जनता से संवाद स्थापित किया जाएगा। बैठक में डोईवाला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार नेगी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सागर मनवाल, सभासद गौरव मल्होत्रा, भारत भूषण कौशल, संजय खत्री, बलविंद्र सिंह, नरेश मनवाल, अब्दुल कादिर, नागेंद्र सिंह, रईस अहमद, बाला देवी, मनोज नेगी, देवराज सावन, फैजान अली, पुरुषोत्तम, प्रताप वर्मा, कीर्ति नेगी, रहमान अली, जसवंत सिंह आदि मौजूद थे।

## दहेज की लालच में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार**। दहेज के लोभ में पत्नी को मारपीट कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक 29 मई को राज सिंह निवासी ग्राम जमालपुर कलां थाना कनखल ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या करने के संबंध में अपने दामाद के खिलाफ कोतवाली गंगनहर रूड़की में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने आज आरोपी पति शिवम पुत्र जसवीर निवासी ग्राम गांगनौली पोस्ट तासीपुर थाना नागल जनपद सहारनपुर उप्र, हाल निवासी संगम विहार सुभासनगर थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को रेलवे स्टेशन के पास नशेमन तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com